**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण,अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश,जनवार्ता,जनसन्देश टाइम्स,इनेक्सट" समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 27.07.2024

### शुरूआत सारनाथ से

महात्मा बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ वैश्विक पर्यटन का केंद्र है। पर्यटन विभाग के आंकडे बताते हैं कि काशी आने वाले श्रद्धालुओं में से 30 फीसद विदेशी सैलानी सारनाथ अवश्य ही जाते हैं। स्थानीय सैलानियों के लिए भ्रमण का प्रमुख स्थान तो है ही देश भर से आए पर्यटक भी यहां जाते हैं। विश्व बैंक की मदद से प्रो पुअर योजना के तहत इसका समग्र विकास किया जा रहा है। सिर्फ कुछ माह में इसका नया स्वरूप सामने होगा। यहां सारंगनाथ महादेव का मंदिर भी सुंदर रूप पा रहा है तो जैन समाज के 11वें तीर्थंकर श्रेयांसनाथ की जन्म स्थली का भी मान है। यहां श्रेयांसनाथ का मंदिर है। इस तरह सारनाथ महत्वपूर्ण बौद्ध स्थली के साथ जैन समाज की भी आस्था का केंद्र है।

## दैनिक जागरण –दि0 27.07.2024

### अपार्टमेंट एक्ट 2010 ही मान्य : राजेश कुमार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को वीडीए सभागार में बिल्डरों को अपार्टमेंट एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। सेंटर फार एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग, उत्तर प्रदेश हाउसिंग एंड डेवलपमेंट बोर्ड लखनऊ से सेवानिवृत्त राजेश कुमार मेहतानी ने कहा कि अपार्टमेंट एक्ट 2010 ही वैध है और उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट 2010 ही मान्य रहेगा। उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट 2016 अमेंडमेंट बना जरूर लेकिन उसे अभी तक अमल में लाया नहीं जा सका। इसको लेकर संशय की स्थिति है। रियल एस्टेट एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाशदीप ने बताया कि ग्राहकों में भ्रम नहीं रहे, उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। बैठक में संयुक्त सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक प्रभात कुमार, रामचंद्र आदि थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 27.07.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने रोका एक दिन का वेतन

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अनुभागों में निरीक्षण के दौरान पटल प्रभारी और लिपिक के पास फाइल इधर-उधर रखने पर चेतावनी दी गई। अपने पटल पर नहीं मिलने पर संजय कुमार तिवारी, संजीव कुमार गुप्ता, महादेव प्रसाद, दिनेश कुमार सिंह, सिकंदर कुमार, पूनम रावत, प्राच सिंह, आरती चौरसिया एवं सचि मालवीय का एक दिन का वेतन रोक के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## अमर उजाला–दि0 27.07.2024

### अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

**वाराणसी।** वीडीए की टीम ने शुक्रवार को अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि सारनाथ के मौजा संदहा में ओम प्रकाश यादव दो बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे। सड़क और नाली का निर्माण कर लिया था। उसे ध्वस्त किया गया। ब्यूरो

## अमर उजाला –दि0 27.07.2024

### बेहतर प्रदर्शन पर वीडीए वीसी को उत्कृष्ट पुरस्कार

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के प्राधिकरणों में वाराणसी विकास प्राधिकरण ने आय, निर्माण और विकास कार्यों के लिए व्यय में पहला स्थान हासिल किया है। शुक्रवार को एसीएस आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण ने वीडीए वीसी पुल्कित गर्ग को उत्कृष्ट पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वाराणसी को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 266 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। वीडीए ने इसके सापेक्ष 272 करोड़ रुपये की वसूली की जो 103 प्रतिशत है। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 27.07.2024

### वीडीए में अपार्टमेंट एक्ट की दी गई जानकारी

वाराणसी। वीडीए मुख्यालय में शुक्रवार को अपार्टमेंट एक्ट पर कार्यशाला हुई। इसमें सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग के सेवानिवृत्त निदेशक राजेश कुमार मेहतानी ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बिल्डरों को एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक प्रभात कुमार, क्रेडाई पूर्वांचल के अध्यक्ष आकाशदीप आदि रहे।

## जनसंदेश टाइम्स –दिंनाक–27.07.2024



# 50 अवैध निर्माण पर चला वीडीए का बुलडोजर

### 5 बुलडोजरों की आवाज से इलाके में हड़कंप
### घर और व्यावसायिक भवन भी आए जद में

जनसंदेश न्यूज

[illegible]

**बड़ी कार्रवाई**

भुल्लनपुर ,रोहनिया, लोहता मंडुवाडीह, सारनाथ में कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में अफरातफरी

[illegible]

**सील को तोड़ पुनः निर्माण कराये जाने पर वीडीए सख्त**

[illegible]

## हिन्दुस्तान–दि0 27.07.2024

# वीडीए के नौ कर्मियों का एक दिन का वेतन रोका

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने नौ कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई समय पर कार्यालय न आने, फाइलों को अस्त-व्यस्त रखने और सफाई के प्रति लापरवाही पर की गई। इनमें संजय तिवारी, संजीव गुप्ता, महादेव प्रसाद, दिनेश सिंह, सिकन्दर कुमार, पूनम रावत, प्राची सिंह, आरती चौरसिया एवं सचिन मालवीय शामिल हैं।

हिन्दुस्तान–दि0 27.07.2024

## वीडीए तीन श्रेणियों में प्रदेश में अव्वल

वाराणसी। प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में वीडीए ने आय, निर्माण एवं विकास कार्यों की श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लखनऊ स्थित आवास एवं शहरी नियोजन मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया। 2023-24 में वीडीए को 266 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य मिला था। वीडीए ने 272 करोड़ की वसूली की। जो लक्ष्य का 103% है। सम्पत्ति से 13604 लाख रुपये की वसूली हुई जो लक्ष्य का 102 प्रतिशत है।

हिन्दुस्तान–दि0 27.07.2024

## सील तोड़कर निर्माण में मुकदमा दर्ज

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सिकरौल में सूर्याश अस्पताल के खिलाफ शुक्रवार को कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वीडीए के जेई अतुल मिश्रा की तहरीर दी। संचालक सचिन सिंह ने नक्शा पास कराए बिना निर्माण कराया। जिसपर अस्पताल सील किया गया था।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.07.2024

# अतिक्रमंण नहीं हटाया तो वीडीए ने चलाया बुलडोजर



**काशी विद्यापीठ/वाराणसी (एसएनबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच दो का चौड़ीकरण विगत महीनों से चल रहा है जिसके लिए अतिक्रमित भवनों और व्यवसायिक दुकानों को हटाने के लिए

**कई बार मौखिक और लिखित नोटिस के बावजूद नहीं तोड़ा अतिक्रमण तो प्रशासन की जेसीबी ने किया तोड़फोड़**

वाराणसी प्रशासन ने लिखित और मौखिक रूप से स्थानीय दुकानदारों और भवन स्वामियों को अतिक्रमित हिस्सों को तोड़ने के लिए नोटिस तामिल करवा दिया था। मगर इसके बावजूद स्थानीय दुकानदारों और भवन स्वामियों के कान पर जू भी नही रेंगने की वजह से शुक्रवार को सुबह से रोहनिया, लोहता और मंडुआडीह पुलिस के अलावा पीडब्लूडी की टीम चौदपुर, मोहेला व भुल्लनपुर पहुंच कर अस्थाई निर्माणों को जेसीबी से गिराने का कार्य आरम्भ कर दिया।

व्यवसायिक और आवासीय भवनों को तोड़ने के लिए सुबह जब प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो स्थानीय लोगों ने शुरुआत में विरोध किया, लेकिन भारी पुलिस बल देखकर स्थानीय लोगो के हौसले पस्त हो गए। कुल चार जेसीबी के साथ रोहनिया, लोहता, मंडुआडीह के अलावा वीडीए टीम सुबह से सभी अतिक्रमण को तोड़ना शुरू कर दिया।

विरोध के स्वर भी भारी फोर्स देखते हुए धीमी पड़ गई। इस दौरान पुलिस और वीडीए ने लगभग तीन से चार दर्जन आवासीय भवनों,व्यवसायिक भवनों के साथ अस्थाई गुमटिया इत्यादि को बलपूर्वक हटा दिया। वही जिनके मकानों पर जेसीबी चल रही थी उनके स्वामी अधिकारियों से कुछ और दिन की मोहलत मांग रहे थे उन सभी का कहना था कि बेतरतीब तरीके से भवनों को तोड़े जाने से शेष भवन का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो जा रहे है, लेकिन प्रशासन का कहना था कि समय देने के बाद भी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन को कदम उठाना पड़ा।


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.07.2024


# वीडीए को मिला प्रथम स्थान

**वाराणसी।** वीडीए के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा एवं उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में वीडीए की बड़ी उपलब्धि, अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में कार्यक्रम के दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी को वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष तथा निर्माण विकास कार्य के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**एसीएस आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण ने वीडीए उपाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष आय तथा निर्माण विकास कार्य के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने में प्रदेश भर के प्राधिकरणों, विशेष क्षेत्र प्राधिकरणों में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इस उपलब्धि पर उपाध्यक्ष द्वारा वाराणसी शहर के समस्त सम्मानित नगरवासियों एवं वीडीए के कार्मिकों को हार्दिक बधाई दी गयी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.07.2024

## दो बीघा प्लाटिंग पर चला वीडीए का बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण जोन-2 की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। वार्ड सारनाथ, थाना-चौबेपुर, मौजा-संदहा के अंतर्गत ओम प्रकाश यादव एवं अन्य के द्वारा लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी संजीव कुमार व अवर अभियंता जेपी गुप्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.07.2024

## वीडीए में 'अपार्टमेंट एक्ट' के संदर्भ में कार्यशाला

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा दिए गए निर्देश क्रम में शुक्रवार को 'अपार्टमेंट एक्ट' के संबंध में प्राधिकरण कार्यालय स्थित सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राजेश कुमार मेहतानी (सेवानिवृत्त, डायरेक्टर, सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग, उ.प्र. हाउसिंग एंड डेवलपमेंट बोर्ड लखनऊ) द्वारा प्राधिकरण के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक प्रभात कुमार, समस्त जोनल अधिकारीगण एवं समस्त कर्मचारीगण तथा क्रेडाई के अध्यक्ष, बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बिल्डर्स तथा रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स के असिस्टेंट रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.07.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने अनुपस्थित कर्मचारियों का रोका एक दिन का वेतन

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने प्राधिकरण के समस्त अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कुछ कर्मचारियो क्रमशः संजय कुमार तिवारी, संजीव कुमार गुप्ता, महादेव प्रसाद, दिनेश कुमार सिंह, सिकन्दर कुमार, पूनम रावत, प्राची सिंह, आरती चौरसिया एवं सचिन मालवीय का एक दिन का वेतन रोके जाने व उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए आदेशित किया गया तथा उन्हें समय से कार्यालय आने व अपने आसपास साफ सफाई तथा पत्रावलियों को सुव्यस्थित रखने के लिए आदेशित किया गया। साथ ही कार्मिकों के बैठने के स्थान पर उनके नाम व पदनाम की पट्टिका अनिवार्यतः लगाने के निर्देश दिए गए।

## आज–दि0 27.07.2024

### दो बीघा प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को वार्ड सारनाथ मौजा-संदहा में ओम प्रकाश यादव नामक व्यक्ति दो बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग विकसित कर रहा था। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जेपी गुप्त, प्रवर्तन दल और निकटम थाने की पुलिस के जरिये जेसीबी से प्लाटिंग पर हुये निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया इसके साथ ही वीडीए ने वहां पर बोर्ड लगा दिया जिसमें स्पष्ट लिखा है कि बिना ले आऊट स्वीकृति के प्लाट की खरीद न करें।

### अपार्टमेंट एक्ट की कार्यशाला संपन्न

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को वीडीए सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य था कि अधिकारियों और कर्मचारियों को अपार्टमेंट एक्ट के संबंध में संपूर्ण जानकारी देना। इस कार्यशाला में लोगों ने विशेषज्ञ से अपार्टमेंट एक्ट के तहत छोटी से लेकर बड़ी परिशानियों के विषय में विस्तार से चर्चा की। एक्ट के विषय में राजेश कुमार मेहतानी, सेवानिवृत्त डायरेक्टर, सेंटर फार एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग ने दी। कार्यशाला में प्रमुख रूप से अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, नगर नियोजक प्रभात कुमार के अलावा जोनल अधिकारी बील्डिंग असोसिएशन के अध्यक्ष सहित कई लोग मौजूद थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आज–दि0 27.07.2024

## एसीसी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण ने विप्रा उपाध्यक्ष को किया पुरस्कृत

### विकास और वसूली में वीडीए को मिला पहला स्थान

प्रदेशमें आय एवं निर्माणके साथ विकास कार्यों में व्यय करने पर वाराणसी विकास प्राधिकरणों को प्रथम स्थान दिया गया। इसके लिए एसीए आवास एवं शहरी नियोजन के नितिन रमेश गोकर्ण ने शुक्रवार को एक समारोह में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को प्रशस्ति पत्र दिया। वित्तीय



वर्ष २३-२४ में विकास प्राधिकरण ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष में अधिक आय प्राप्त की। इसके अलावा निर्माण विकास कार्य में उत्कृष्ट कार्य किया। जिसके आधार पर उपाध्यक्ष को प्रथम पुरस्कार दिया गया। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में २६६ करोड़ लक्ष्य को पार करते हुए २७२ करोड़ रुपया वसूली की। जो कि निर्धारित लक्ष्य से १०३ परसेंट की वसूली हुई। सम्पत्ति विभाग ने १३ लाख २३० की अपेक्षा में १३६०४ लाख प्राप्त किया जो कि १०२ प्रतिशत है। भवन में ६४०० लाख के अपेक्षा में ७५९०.१६ लाख प्राप्त किया जो कि ११८.६० प्रतिशत है। विविध एवं अन्य स्रोतों से निर्धारित लक्ष्य ४१३७७५ लाख के सापेक्ष में ३४०९.६ लाख रहा जो ८२.४ प्रतिशत अधिक रहा। निर्माण और विकास कार्य में ८३०१.०५ के सापेक्ष में १०१३२.९९ जो कि निर्धारित सापेक्ष के अनुसार १२२.०७ प्रतिशत रहा। इस प्रकार विप्रा. ने विकास कार्य में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए विकास का एक नया रिकार्ड बनाया।

## दस कर्मचारियों का कटा वेतन, जवाब तलब

विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने समय से कार्यालय न आने पर आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों पर कार्यवाही की है। औचक निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने संजय कुमार तिवारी, संजू कुमार गुप्ता, महादेव प्रसाद, दिनेश कुमार सिंह, सिकंदर कुमार, पूनम रावत, प्राची सिंह एवं आरती चौरसिया के अलावा सचिन मालवीय के एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। इन कर्मचारियों को निर्धारित समय के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। अन्य विभागों में निरीक्षणके दौरान विप्रा उपाध्यक्ष ने कर्मचारियों से साफ-सफाई और पत्रावलियों को सुरक्षित ढंग से रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा हर कर्मचारियों के पास पद नाम का पट्टिका अनिवार्य रूप से लगा रहना चाहिए।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 27.07.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण ने प्रदेश में आय, निर्माण, विकास कार्यों हेतु व्यय के मामले अर्जित किया प्रथम स्थान

#### अपरमुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने उपाध्यक्ष, वीडीए को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

वाराणंसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के नेतृत्व में वीडीए की बड़ी उपलब्धि, अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में आहूत कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी को वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष तथा निर्माण विकास कार्य हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष आय तथा निर्माण विकास कार्य हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने में प्रदेश भर के प्राधिकरणों, विशेष क्षेत्र प्राधिकरणों में प्रथम स्थान अर्जित किया है।



**प्राधिकरण के कुल प्राप्ति के प्रमुख स्त्रोत** - (वित्तीय वर्ष 2023-24) बीते वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक वीडीए को 266 करोड रुपए का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य को पार करते हुए वीडीए ने 272 करोड रुपए का वसूली की जो 103 प्रतिशत की रिकार्ड वसूली की गई है।

**सम्पत्ति**- सम्पत्ति अनुभाग से बजट प्रावधान रू0 13230.00 लाख के सापेक्ष कुल प्राप्ति रू0 13604 लाख रही जो 102 प्रतिशत है। भवन अनुभाग से बजट प्रावधान रू0 6400.00 लाख के सापेक्ष रू0 7590.16 लाख की प्राप्ति हुई जो 118.60 प्रतिशत की उपलब्धि रही।

इसके अन्तर्गत बजट प्रावधान रू0 413775 लाख के सापेक्ष उपलब्धि रू0 3409.64 लाख रही है जो 82.40 प्रतिशत है।

निर्माण एवं विकास कार्य व्यय वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट प्रावधान रू0 8301.05 लाख के सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा रू0 10132.99 लाख व्यय किये गये है। जो बजट प्रावधान का 122.07 प्रतिशत है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 27.07.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड-सारनाथ, थाना-चौबेपुर, मौजा-संदहा के अन्तर्गत ओम प्रकाश यादव एवं अन्य के द्वारा लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी द्य उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को आज दिनांक 26/07/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। जोनल अधिकारी श्री संजीव कुमार अवर अभियंता श्री जे0 पी0 गुप्ता उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## जनवार्ता –दि0 27.07.2024

# विकास कार्यों में वीडीए को प्रदेश में मिला पहला स्थान

**आय-व्यय, निर्माण मामले में अर्जित किया प्रथम स्थान, एसीएस आवास एवं शहरी नियोजन नितिन गोकर्ण ने उपाध्यक्ष को किया सम्मानित**



नितिन रमेश गोकर्ण से सम्मान प्रमाण पत्र लेते वीडीए वीसी गर्ग।

वाराणसी (जनवार्ता)। विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा एवं उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में वीडीए की बड़ी उपलब्धि पर अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में आहूत कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष तथा निर्माण विकास कार्य हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर उपाध्यक्ष द्वारा शहर के समस्त नगरवासियों एवं वीडीए के कार्मिकों को बधाई दी गयी है।

**प्राधिकरण के कुल प्राप्ति के प्रमुख स्रोत :-** (वित्तीय वर्ष 2023-24) बीते वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक वीडीए को 266 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य को पार करते हुए वीडीए ने 272 करोड़ रुपए की वसूली की जो 103 प्रतिशत की रिकार्ड वसूली की गई है।

**सम्पत्तिः** सम्पत्ति अनुभाग से बजट प्रावधान रुपये 13230.00 लाख के सापेक्ष कुल प्राप्ति रुपये 13604 लाख रही जो 102 प्रतिशत है।

**भवनः** भवन अनुभाग से बजट प्रावधान रुपये 6400.00 लाख के सापेक्ष रुपये 7590.16 लाख की प्राप्ति हुई जो 118.60 प्रतिशत की उपलब्धि रही।

**विविध/अन्यः** इसके अन्तर्गत बजट प्रावधान रुपये 413775 लाख के सापेक्ष उपलब्धि रुपये 3409.64 लाख रही है जो 82.40 प्रतिशत है।

**निर्माण एवं विकास कार्य व्ययः** वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट प्रावधान रुपये 8301.05 लाख के सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा रुपये 10132.99 लाख व्यय किये गये है। जो बजट प्रावधान का 122.07 प्रतिशत है।

## इनेक्सट –दि0 27.07.2024

# सारनाथ में धार्मिक और आधुनिकता का संगम

वर्ल्ड बैंक सहायतित प्रो-पुअर पर्यटन विकास परियोजना के तहत सारनाथ का विकास

प्रो-पुअर प्रोजेक्ट के तहत आधुनिक सुविधाओं से लैस सारनाथ



सारनाथ में सौंदर्यीकरण का चल रहा काम.

varanasi@inext.co.in

VARANASI (26 July): दुनिया की सांस्कृतिक राजधानी काशी में कदम-कदम पर शिवालय हैं. मान्यता है कि भगवान शिव पूरे सावन भर सारनाथ स्थित अपनी ससुराल सारंगनाथ महादेव मंदिर में विराजमान रहते हैं. ऐसे में भगवान शिव भक्तों को दर्शन देकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन का फल देते हैं. इसी फल की लालसा में सारनाथ में पर्यटकों के साथ बाबा के भक्तों की संख्या अचानक बढ़ गई है. वर्ल्ड बैंक सहायतित प्रो-पुअर प्रोजेक्ट के तहत 90.20 करोड़ की लागत से पूरे सारनाथ क्षेत्र को आधुनिक स्वरूप दिया गया है. सारनाथ स्थित बुद्ध सर्किट पूरी तरह से कम्प्लीट होने के बाद यह ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित कर रही है.

### टूरिस्ट फ्रेंडली सारनाथ

तथागत की भूमि सारनाथ बौद्ध भिक्षुओं का तीर्थ स्थल माना जाता है. यहां विश्वभर से हर साल पांच लाख की तादात में पर्यटक आते हैं, जो संख्या लगातार बढ़ रही है. पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सारनाथ स्थित बुद्ध सर्किट में प्रो-पुअर प्रोजेक्ट के तहत 90.20 करोड़ की लागत से कार्य किया गया है. साथ ही विकास से रोजगार उपलब्ध कराने के कार्य को भी मूर्तरूप दिया गया है. सारनाथ में प्रो-पुअर योजना के तहत सारनाथ के पूरे क्षेत्र को टूरिस्ट फ्रेंडली बनाया गया है. योजना में पर्यटकों को सुविधा केंद्रों के अलावा स्थानीय लोगों के व्यापार का खास ध्यान रखा गया है ताकि यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ सके.

### पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाएं और सौंदर्यीकरण

- सारनाथ और उसके आसपास के चौराहों और तिराहों का सौंदर्यीकरण किया गया है, जिसमें लास्ट माइल कनेक्टिविटी के साथ 29 स्मारकों को आपस में जोड़ना व जीर्णोद्धार का कार्य शामिल है.
- धर्मपाल मार्ग का सौंदर्यीकरण, इस सड़क पर स्ट्रीट पेडेस्ट्रियन प्रामिनाड व स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य.
- ऋषिपत्तन एवं अशोक मार्ग पर वेहिकुलर डेवलपमेंट का कार्य, डेवलपमेंट ऑफ क्रासिंग (मार्कर पिलर -ऐतिहासिक स्तंभ) हेरिटेज स्ट्रीट लाइट, फसाड लाइट, व्यवस्थित पार्किंग होगा.
- स्थानीय ठेली खोमचे वालों का पुनर्वास किया जाएगा. इसके लिए खास कस्टमाइज्ड मोबाइल वेहिकल्स की व्यवस्था होगी.
- पूरे क्षेत्र में हेरिटेज लुक वाले कियोस्क भी लगाए गए हैं, जिसमें बनारसी समेत किसी भी देश के विशेष का खानपान की सुविधा होगी.
- बुद्ध सर्किट में सोविनियर, जीआई उत्पाद, ओडीओपी आदि की दुकानें भी होंगी.
- खूबसूरत पैडेस्ट्रियल पथ को पर्यटकों के बैठने के लिए आरामदायक बनाया जा रहा. इसके अलावा प्लांटेशन -लैंड स्केपिंग, बुद्धिस्ट थीम पर साइनेज एवं इंटरप्रेटेशन वाल देखने को मिलेगी.
- सारनाथ बुद्ध सर्किट सीसीटीवी, वाई-फाई एवं एलईडी स्क्रीन से लैस.
- दिव्यांगजनों एवं वृद्ध पर्यटकों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की योजना है.
- पूरे सारनाथ क्षेत्र में ओवरहेड तारों को अंडरग्राउंड किया गया है.
- आधुनिक जन सुविधाएं एवं पेयजल की सुविधाएं, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर्यटक सूचना केंद्र का कार्य एवं अन्य आवश्यक पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

### जलाभिषेक के बराबर पुण्य

शहर से लगभग 10 किमी पूर्वोत्तर में तथागत की उपदेश स्थली सारनाथ में जमीन से 80 फीट से अधिक ऊपर सारंगनाथ महादेव विराजमान हैं. गर्भगृह में दो शिवलिंग के दर्शन होते हैं. एक आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित किया गया है. मान्यता है कि एक भगवान भोलेनाथ हैं और एक उनके साले सारंगदेव महाराज हैं. सावन में सारंगनाथ के दर्शन पूजन और जलाभिषेक से उतना ही पुण्य मिलता है, जितना विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन का है. कहा जाता है जो व्यक्ति सावन में विश्वनाथ मंदिर के दर्शन नहीं कर पाता, वह एक दिन भी सारंगनाथ के दर्शन कर ले तो उसे विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के बराबर पुण्य मिलेगा.

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधिश–दि0 27.07.2024

## प्रदेश भर के प्राधिकरणो मे वाविप्रा ने आय , निर्माण एवं विकास कार्यो के लिए व्यय के मामले में अर्जित किया प्रथम स्थान



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के नेतृत्व मे वीडीए की बड़ी उपलब्धि, ङअपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में आहूत कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी को वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष तथा निर्माण विकास कार्य हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदानङ किया गया।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 मे अर्जित आय हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष आय तथा निर्माण विकास कार्य हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने में प्रदेश भर के प्राधिकरणों, विशेष क्षेत्र प्राधिकरणों मे प्रथम स्थान अर्जित किया है। बीते वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक वीडीए को ङ266 करोड रुपए का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य को पार करते हुए ङवीडीए ने 272 करोड रुपए का वसूली की जो 103 प्रतिशत की रिकार्ड वसूली की गई है। सम्पत्ति अनुभाग से ङबजट प्रावधान रू0 13230.00 लाखङ के सापेक्ष ङकुल प्राप्ति रू0 13604 लाखङ रही जो ङ102 प्रतिशत है। भवन अनुभाग से बजट प्रावधान रू0 6400.00 लाख के सापेक्ष रू0 7590.16 लाख की प्राप्ति हुई जो 118.60 प्रतिशत की उपलब्धि रही। इसके अन्तर्गत बजट प्रावधान रू0 413775 लाख के सापेक्ष उपलब्धि रू0 3409.64 लाख रही है जो 82.40 प्रतिशत है।निर्माण एवं विकास कार्य व्ययङ वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट प्रावधान रू0 8301.05 लाख के सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा रू0 10132.99 लाख व्यय किये गये है। जो बजट प्रावधान का 122.07 प्रतिशत है।

### वाविप्रा सभागार में कार्यशाला का किया गया,आयोजन

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा दिए गए निर्देश क्रम में 26जुलाई को 'अपार्टमेंट एक्ट' के सम्बन्ध में प्राधिकरण कार्यालय स्थित सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्री राजेश कुमार मेहतानी ( सेवानिवृत्त , डायरेक्टर, सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग, उ0प्र0 हाउसिंग एंड डेवलपमेंट बोर्ड लखनऊ ) द्वारा प्राधिकरण के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कार्यशाला में मुख्य रूप से अपर सचिव श्री गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव श्री परमानंद यादव, नगर नियोजक श्री प्रभात कुमार, समस्त जोनल अधिकारीगण एवं समस्त कर्मचारीगण तथा क्रेडाई के अध्यक्ष, बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बिल्डर्स तथा रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स के असिस्टेंट रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।